# जन–सुनवाई कार्यवृत्त

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स श्रीमति कान्ता देवी, एम.एल. नम्बर 23/2020, रेफरेन्स नम्बर 20201000017647, क्षेत्रफल 3.9785 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,74,400 टी.पी.ए. (रोम), निकट ग्राम गंगापुरा तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर, **{कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 23.8952 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–24,47,164 टी.पी.ए.(रोम)} में स्थित है,** में अप्रधान खनिज बॉल क्ले, सिलिका सेंड, ग्रेवल, बजरी एवं मुर्ररम के खनन की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलक्टर बीकानेर के प्रतिनिधि श्री राजेश कुमार नायक, उपखण्ड अधिकारी, कोलायत, बीकानेर की अध्यक्षता में एवं क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर की उपस्थिति में **ग्राम पंचायत भवन गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर** में दिनांक **16.09.2025** को दोपहर 2.00 बजे आयोजित की गई। उक्त क्लस्टर क्षेत्र में आने वाली खनन इकाईयों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.स. | खनन इकाई का नाम | एम.एल. नम्बर/ रेफरेन्स नम्बर | खनन इकाई का क्षेत्रफल | खनन इकाई की उत्पादन क्षमता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **मैसर्स श्रीमति कान्ता देवी** | **एम.एल. नम्बर 23/2020, रेफरेन्स नम्बर 20201000017647** | **3.9785 हैक्टेयर** | **3,74,400 टी.पी.ए. (रोम)** |
| 2 | **मैसर्स श्री रमेश भाई नाराभाई** | **एम.एल. नम्बर 31/2020** | **3.9807 हैक्टेयर** | **4,45,620 टी.पी.ए** |
| 3 | **मैसर्स श्री धर्मेन्द्र कुमार** | **एम.एल. नम्बर 37/2020** | **3.9798 हैक्टेयर** | **4,45,620 टी.पी.ए** |
| 4 | **मैसर्स श्रीमति अल्का डागा** | **एम.एल. नम्बर 33/2020** | **3.9788 हैक्टेयर** | **4,32,724 टी.पी.ए** |
| 5 | **मैसर्स श्री हेतराम जाट** | **एम.एल. नम्बर 77/2019** | **3.9889 हैक्टेयर,** | **3,74,400 टी.पी.ए** |
| 6 | **मैसर्स श्री बजरंग लाल सहारण** | **एम.एल. नम्बर 80/2019** | **3.9885 हैक्टेयर** | **3,74,400 टी.पी.ए** |

जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट "अ"** पर सलंग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति दिनांक 12.08.2025 को समाचार पत्र 'दैनिक भास्कर' एवं 'दैनिक युगपक्ष' में प्रकाशित करवाई गई थी जिसकी प्रतियाँ **परिशिष्ट "ब"** पर संलग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, बीकानेर ने सभी आगुन्तको का स्वागत करते हुए अवगत करवाया कि उक्त जनसुनवाई वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचनाओं में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें जिला कलक्टर महोदय की तरफ से उपखण्ड अधिकारी, कोलायत को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त जन

क्षेत्रीय अधिकारी
राज.राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर

उपखण्ड अधिकारी
कोलायत

सुनवाई की सूचना दो समाचार पत्रों में 30 दिवस पूर्व दी जा चुकी है। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी। सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उपस्थित आमजन खनन परियोजना के सम्बन्ध में आपत्ति या सुझाव दर्ज करवा सकते है। उक्त जनसुनवाई की विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। जनसुनवाई की विडियोग्राफी एवं दिये गये आक्षेप/सुझाव क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) को प्रेषित कर दिये जायेगें। इसके पश्चात उपखण्ड अधिकारी, कोलायत की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स श्रीमति कान्ता देवी** के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स यूनीवर्सल एन्वायरोटेक"** को आमंत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स यूनिवर्सल एन्वायरोटेक"** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत बताया गया कि उक्त खनन परियोजना निकट ग्राम गंगापुरा, तहसील–कोलायत जिला–बीकानेर में अप्रधान खनिज–बॉल क्ले, सिलिका सेंड, ग्रेवल, बजरी एवं मुर्ररम के खनन हेतु प्रस्तावित है **जिसका एम.एल. नम्बर 23/2020, रेफरेन्स नम्बर 20201000017647,** कुल खनन क्षेत्रफल **3.9785** हेक्टेयर तथा उत्पादन क्षमता **3,74,400 टी.पी.ए. (रोम) {कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 23.8952 हैक्टेयर एवं कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–24,47,164 टी.पी.ए.(रोम)}** होगी। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, क्लस्टर परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारे में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खनन इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

सर्वप्रथम श्री रेवन्तराम, सरपंच प्रतिनिधि द्वारा खनन इकाई के प्रतिनिधि से खनन कार्यों में स्थानीय निवासियों को रोजगार में प्राथमिकता देने, खनिज के परिवहन हेतु स्थानीय निवासियों के संसाधनों का ही उपयोग करने सम्बन्धी निवेदन किया गया। साथ ही श्री रेवन्तराम द्वारा ग्राम पंचायत, गाँव विद्यालयों एवं सार्वजनिक संस्थाओं के विकास में सहयोग करने का भी निवेदन किया गया। जिसके प्रत्युत्तर में खनन इकाई के प्रतिनिधि द्वारा खनन कार्य में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने एवं गाँव के आधारभूत विकास में यथा सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया।

क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित ग्रामवासियों से

क्षेत्रीय अधिकारी
राज.राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

उपखण्ड अधिकारी
कोलायत

आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु पुनः आमंत्रित किया गया।

तदोपरान्त उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा गया कि पर्यावरणीय जनसुनवाई आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य खनन कार्य से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी आमजन को देना, स्थानीय ग्रामवासियों से प्राप्त आक्षेप/सुझाव/आपत्तियों का समाधान करना है जिससे आपसी सहयोग से पर्यावरण पर होने वाले दुष्प्रभावों का समाधान किया जा सके। उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा आमजन को निवेदन किया गया कि सरकार द्वारा औद्योगिक विकास को बढावा देने के उद्देश्य से खनन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती है अतः खनन पट्टा धारक का यह उद्देश्य होना चाहिये कि खनन कार्य के साथ–साथ आस–पास के पर्यावरण एवं जन–जीवन के संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाये। उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित ग्रामवासियों को जनसुनवाई में प्राप्त ज्ञापन/आक्षेपों पर नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा प्रस्तावित खनन इकाई के प्रतिनिधि को रोजगार में स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता दिये जाने, खनिज के परिवहन हेतु स्थानीय निवासियों के संसाधनों का उपयोग करने तथा ग्राम पंचायत, गाँव के विद्यालय एवं सार्वजनिक सस्थाओं में भी यथा सम्भव सहयोग दिये जाने हेतु निवेदन किया गया।

अन्त में ग्रामवासियों द्वारा अन्य कोई आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उपखण्ड अधिकारी महोदय की अनुमति से क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई के समापन की घोषणा की एवं उपखण्ड अधिकारी महोदय तथा उपस्थित जन समुदाय का जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई के दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात ग्राम पंचायत ग्रामवासियों के माध्यम से लिखित में कोई भी आक्षेप इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

**(राजकुमार मीणा)**
**क्षेत्रीय अधिकारी**
**रा.रा.प्र.नि.मं., बीकानेर**
क्षेत्रीय अधिकारी
राज.राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर

**(राजेश कुमार नायक)**
**उपखण्ड अधिकारी, कोलायत**
**बीकानेर**
उपखण्ड अधिकारी
कोलायत

## जन सुनवाई हेतु नामित पदाधिकारियों एवं नागरिकों का उपस्थिति पत्र

मैसर्स श्रीमति कान्ता देवी, एम.एल. नम्बर 23/2020, रेफरेन्स नम्बर 20201000017647, क्षेत्रफल 3.9785 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,74,400 टी.पी.ए. (रोम), निकट ग्राम गंगापुरा तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि क्लस्टर परियोजना {मैसर्स श्रीमति कान्ता देवी, एम. एल. नम्बर 23/2020, रेफरेन्स नम्बर 20201000017647, क्षेत्रफल 3.9785 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,74,400 टी.पी.ए. (रोम); मैसर्स श्री रमेश भाई नाराभाई, एम.एल. नम्बर 31/2020, क्षेत्रफल 3.9807 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 4,45,620 टी.पी.ए.; मैसर्स श्री धर्मेन्द्र कुमार, एम.एल. नम्बर 37/2020, क्षेत्रफल 3.9798 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 4,45,620 टी.पी.ए.; मैसर्स श्रीमति अल्का डागा, एम.एल. नम्बर 33/2020, क्षेत्रफल 3.9788 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 4,32,724 टी.पी.ए.; मैसर्स श्री हेतराम जाट, एम.एल. नम्बर 77/2019, क्षेत्रफल 3.9889 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,74,400 टी.पी.ए.; मैसर्स श्री बजरंग लाल सहारण, एम.एल. नम्बर 80/2019, क्षेत्रफल 3.9885 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 3,74,400 टी.पी.ए.} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 23.8952 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–24,47,164 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है में बॉल क्ले, सिलिका सेंड, ग्रेवल, बजरी एवं मुर्ररम के खनन की परियोजना प्रस्तावित है कि पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 16.09.2025 को आयोजित जन सुनवाई की बैठक ।

स्थानः– ग्राम पंचायत भवन गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर
दिनांकः–16.09.2025 समय दोपहर 2.00 बजे।

| क्र.स. | नाम | पद एवं विभाग/कार्यालय/निवासी | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | Rajesh Kr Nard | SDO, Kolayat | [signature] |
| 2. | रेवतराम | पंचायत समिति सदस्य | रेवतराम |
| 3. | Rajkumar Meena | R.O. RSPCB, Bikaner | [signature] |
| 4. | हिरेन्द्र शर्मा | बीकानेर | हिरेन्द्र शर्मा |
| 5. | पाबुराम | गंगापुरा | पाबुराम |
| 6. | करणी सिंह | मकेरी | [signature] |
| 7. | ASHUSINGH | BELASAR | Ashusingh |
| 8. | ग्रोमदे ... | कोलायत | [signature] |
| 9. | रेवन्तसिंह | मोरावतां | रेवन्तसिंह |
| 10. | जुगलसिंह | गंगापुरा | जुगलसिंह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | भैरवसिंह | गंगापुरा | भैरवसिंह |
| 12. | हीरालाल कुम्हार | गंगापुरा | [signature] |
| 13. | जसपालसिंह | गंगापुरा | जसपालसिंह |
| 14. | जुगनाराम | मोटावतान | जुगनाराम |
| 15. | मूलाराम | मोटावतान | मूलाराम |
| 16. | इमरतराम | गंगापुरा | इमरतराम |
| 17. | भंवरलाल | गंगापुरा | भंवरलाल |
| 18. | भेराराम | गंगापुरा | भेराराम |
| 19. | तेजमाल | गंगापुरा | [signature] |
| 20. | रूपाराम | गंगापुरा | [signature] |
| 21. | जयपाल | गंगापुरा | [signature] |
| 22. | Harkrishn | Pilap | [signature] |
| 23. | | | |
| 24. | [signature] | खनन प्रतिनिधि | [signature] |
| 25. | Arvind Vaishnav | Universal Envi Jaipur | [signature] |
| 26. | | | |
| 27. | | | |
| 28. | | | |
| 29. | | | |
| 30. | | | |
| 31. | | | |
| 32. | | | |
| 33. | | | |